4

# उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन लिमिटेड

(उ0प्र0 सरकार का उपकम)

# U.P POWER CORPORATION LIMITED

## (Govt. of Uttar Pradesh Undertaking)

शक्ति भवन, 14 अशोक मार्ग लखनऊ–226001

**पत्र सं0–485–ज0श0 एवं प्र0सु0–01/पाकालि/2008–19ज0श0(08)/2004 दिनॉक 14 नवम्बर,2008.**

## कार्यालय ज्ञाप

पूर्ववर्ती उ0प्र0 राज्य विद्युत परिषद के कार्यालय ज्ञाप सं0 589–ज0श0(08)/रविप–99–9 ज0श0/98 दिनांक 11.05.99 द्वारा मुख्य अभियन्ता (ऊर्जा प्रणाली) के नियत्रणाधीन सृजित "यूनीफाइड लोड डिस्पैच एवं संचार प्रणाली मण्डल" जिसे कार्यालय ज्ञाप सं0–30– ज0श0(08)/पाकालि/04–9–ज0श0/98 दिनांक 09.01.2004 द्वारा समाप्त कर दिया गया था, उ0प्र0 पावर ट्रॉस्मिशन कारपोरेशन लि0 के निदेशक मण्डल की पन्द्रहवीं बैठक के बिन्दु पन्द्रह (13)/08 द्वारा प्राप्त अनुमोदनानुसार "यूनीफाइड लोड डिस्पैच एवं संचार प्रणाली मण्डल, लखनऊ" को मुख्य अभियन्ता (संचार एवं नियन्त्रण) के प्रशासनिक नियंत्रणाधीन एतद्द्वारा तत्काल प्रभाव से निम्नॉकित प्रतिबन्धाधीन पुनर्जीवित किया जाता है। इस इकाई के लिए आवश्यक पदों को इसी आदेश के अनुलग्नक एक में निर्दिष्ट विवरणानुसार, अन्य इकाईयों में पूर्व–स्वीकृत/विद्यमान आस्थगित पदों में से परिविस्तारित करके एवं सैनिक कल्याण निगम से संविदा पर लिया जायेगा ।

2. इस आदेश के अनुलग्नक 'एक' में निर्दिष्ट /विवरणानुसार परिविस्तारित किए गए सभी पद उनसे संबंधित इकाईयों में से स्वतः ही कम हो जायेंगे। अतः अब उन्हें वहॉ पर किसी भी स्थिति में पद–स्थापित नहीं किया जायेगा।

3. सम्बन्धित पद–धारकों को मूल वेतन के साथ समय–समय पर स्वीकृत मंहगा भत्ता व अन्य भत्तों के अतिरिक्त पावर ट्रॉस्मिशन कारपोरेशन के विषय–संगत नियमों/आदेशों के अनुसार पूर्व स्वीकृत इकाई के अनुरूप "विशेष वेतन, बहिर्गमन भत्ता" भी देय होगा, जिसके संबंध में नियमानुकूल आवश्यक कार्यवाही संबंधित सक्षम अधिकारी द्वारा की जाएगी।

4. अधी0 अभि0 एवं अधि0 अभि0 के लिए कार्यालय एवं आवास पर दूरभाष (NON S.T.D) तथा पूल मोबाइल कनेक्शन सिम सभी अभियन्ताओं को अनुमन्य होगा।

5. पूर्व स्वीकृत वाहनों के अतिरिक्त, अधी0 अभि0, अधि0 अभियन्ता मोदीपुरम एवं सभी उपभार निस्तारण उपकेन्द्रों पर आवश्यकतानुसार एक–एक किराये की डीजल जीप की सुविधा प्रदान किये जाने की स्वीकृति भी प्रदान की जाती है।

6. उक्त पुनर्जीवित इकाई की स्थापना के परिणामस्वरूप होने वाला सम्भावित वित्तीय–व्यय–भार संबंधित वित्तीय वर्ष के उ0प्र0 पावर ट्रॉस्मिशन कारपोरेशन के आय–व्ययक में आगणित होगा।

7. "यूनीफाइड लोड डिस्पैच एवं संचार प्रणाली मण्डल, लखनऊ" के अर्न्तगत (1) केन्द्रीय भार निस्तारण केन्द्र, लखनऊ (2)उपभार निस्तारण केन्द्र, सारनाथ (3) उपभार निस्तारण केन्द्र, सुलतानपुर (4) उपभार निस्तारण केन्द्र, पनकी (5) उपभार निस्तारण केन्द्र, मुरादाबाद (6) उपभार निस्तारण केन्द्र, मोदीपुरम होगें एवं इस इकाई के कम्प्यूटर प्रणाली, RTU-DATA रिसीविंग प्रणाली, डाटा विश्लेषण प्रणाली आदि के प्रमुख कार्य होने हैं।

**निदेशक मण्डल की आज्ञा से**

**पत्र सं0–485–ज0श0 एवं प्र0सु0–01/पाकालि/2008–19ज0श0(08)/2004 तददिनॉक**

**प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–**

(1) प्रमुख सचिव (ऊर्जा), उ0प्र0 शासन, बापू भवन लखनऊ।

(2) अध्यक्ष, उ0प्र0पावर कारपोरेशन लि0, शक्ति भवन लखनऊ से सम्बद्ध मुख्य महाप्रबन्धक,

कमश..........2

(3) प्रबन्ध निदेशक, उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0/उ0प्र0 पावर ट्रॉस्मिशन कारपोरेशन लि0 शक्ति भवन, लखनऊ के निजी सचिव,
(4) समस्त निदेशक गण, उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0,शक्ति भवन, लखनऊ के निजी सचिव,
(5) निदेशक (पारेषण) उ0प्र0 पावर ट्रॉस्मिशन कारपोरेशन लि0 शक्ति भवन लखनऊ।
(6) अपर सचिव (का0प्र0I/II) उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0,शक्ति भवन, लखनऊ।
(7) अपर सचिव (अराजपत्रित/काविनी), उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0,शक्ति भवन, लखनऊ।
(8) समस्त संयुक्त सचिव गण, उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0,शक्ति भवन, लखनऊ।
(9) समस्त उपसचिव/अनुसचिव, उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0,शक्ति भवन, लखनऊ।
(10) मुख्य अभियन्ता (संचार एवं नियंत्रण), उ0प्र0 पावर ट्रॉस्मिशन कारपोरेशन लि0,शक्ति भवन,लखनऊ।
(11) मुख्य अभियन्ता (ज0वि0) उ0प्र0 पावर कारपोरेशनलि0,शक्ति भवन विस्तार, लखनऊ।
(12) समस्त मु0अ0(स्तर I/II) उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0/उ0प्र0 पावर ट्रॉस्मिशन कारपोरेशन लि0।
(13) मु0अ0 (परिकल्पना एवं क्रय) लखनऊ/(पारे0 मध्य) लखनऊ/(पारे0 पश्चिम) मेरठ/(पारे0पूर्व) इलाहाबाद/(पारेषण दक्षिण) आगरा।
(14) समस्त नियंत्रक, लेखा शाखा/मुख्य लेखाधिकारी उ0प्र0 पा0र कारपोरेशन लि0,
(15) कम्पनी सचिव, उ0प्र0 पा0 ट्रॉस्मिशन का0 लि0,शक्ति भवन विस्तार लखनऊ।
(16) समस्त अधी0 अभियन्ता, अधि0 अभियन्ता उ0प्र0 पा0/पा0 ट्रास्मिशन कारपोरेशन।
(17) वरि–लेखाअधिकारी/लेखाधिकारी–वेतनएवं लेखा/निधि/आय–व्ययक/प्रशासन, उ0प्र0 पाव0र कारपोरेशन लि0, लखनऊ।
(18) वरि0 उपमहालेखाकार (आडिट–2), द्वितीय तल, शक्ति भवन विस्तार लखनऊ।
(19) समस्त अनुभाग/कोष्ठक/शिविर, उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0, शक्ति भवन लखनऊ।
(20) ज0श0 एवं प्र0सु0 अनु0 के समस्त समी0 अधि0 एवं सम्बन्धित पत्रावलियों में अभिलेखार्थ।

आज्ञा से,

(अशोक कुमार गुप्ता)
उप सचिव (ज0श0एवं प्र0सु0)

**अनुलग्नक–एक**

उ0प्र0 पावर ट्रॉस्मिशन कारपोरेशन लि0 के कार्यालय ज्ञाप संख्या 485–ज0श0 एवं प्र0सु0–01 /पाकालि/2008 दिनॉक 14.11.2008 द्वारा पुनर्जीवित यूनीफाइड लोड डिस्पैच एवं संचार प्रणाली मण्डल, लखनऊ" के लिए आस्थगित पदों को पुनर्जीवित करके विधमान स्वीकृत पदों में से परिविस्तारित तथा सैनिक कल्याण निगम से लिए जाने वाले पदों का विवरणः–

| क0सं0 | पदनाम | लखनऊ | सारनाथ | सुल्तानपुर | पनकी | मुरादाबाद | मोदीपुरम | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | अधीक्षण अभियन्ता | 1 | – | – | – | – | – | आस्थगित पद को पुनर्जीवित करके। |
| 2 | अधिशासी अभियन्ता | 1 | – | – | – | – | 1 | एक पर कार्यरत एवं एक पद माइक्रोवेव मण्डल से परिविस्तारित करके । |
| 3 | सहायक अभियन्ता | 3 | 1 | 1 | 1 | 1 | 1 | 3 पद कार्यरत एवं अतिरिक्त 5 अस्थगित पदों को पुनर्जीवित करके |
| 4 | अवर अभियन्ता | 4 | 1 | 1 | 1 | 1 | 1 | 4 पद कार्यरत एवं 3 पद आस्थगित पदों में पुनर्जीवित करके एवं और 2 पद माइक्रोवेव मण्डल से परिविस्तारित करके लिए जायेंगें। |
| 5 | आशुलिपिक | 2 | – | – | – | – | 1 | एक आशुलिपिक कार्यरत हैं एवं दो आशुलिपिक सैनिक कल्याण निगम से लिए जायेंगें। |
| 6 | टेक्नीशियन (टी0टी0) | – | 1 | 1 | 1 | 1 | 1 | मइक्रोवेव मण्डल से 5 टेक्नीशियन पद परिविस्तारित करके। |
| 7 | चर्तुथ श्रेणी | 2 | 1 | 1 | 1 | 1 | 2 | एक पद कार्यरत है एवं 7 पद सैनिक कल्याण निगम से लिए जायेंगें। |
| | योग | 13 | 4 | 4 | 4 | 4 | 7 | 36 |

14/xi/8